सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**105**
28/01/2026

विमान हादसे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 28 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के बारामती जिले में हुये विमान हादसे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के प्रमुख अजित पवार के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि अजित पवार एक कर्मठ एवं कुशल राजनेता थे। महाराष्ट्र की राजनीति में उनका अहम योगदान था। वे मृदुभाषी, बेहद मिलनसार एवं लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

****